यहाँ क्या चल रहा है?

मैरी एल्टिंग

चित्र: देयरड्रे स्टानफोर्थ

यहाँ क्या चल रहा है?

मैरी एल्टिंग

चित्र: देयरड्रे स्टानफोर्थ

यहाँ क्या चल रहा है?

इस पेड़ पर क्या है?

पेड़ पर एक कुत्ते जैसा कुछ दिखता है.

और सच में वो एक कुत्ता ही है!

लेकिन क्या कुत्ता पेड़ पर चढ़ सकता है?

हाँ, कुत्ता पेड़ पर चढ़ सकता है.

वो पेड़ के ऊपर चढ़ा है भेड़ों को देखने के लिए.

वो भेड़ों की रखवाली करने वाला कुत्ता है.

लड़का जब झपकी लेता है

तब कुत्ता भेड़ों की देखभाल करता है.

एक भेड़ भागना चाहती है.

लेकिन कुत्ता उसे देख लेता है.

वो पेड़ से नीचे कूदता है और उसे
वापस लाता है.

वो कुत्ता, भेड़ को भागने नहीं देता है.

यहाँ क्या चल रहा है?

इस पेड़ में क्या है?

एक बकरी, दो बकरियां, तीन बकरियां.

वो तीन बकरियां पेड़ पर क्या कर रही हैं?

बकरियों को ज़मीन पर कोई घास नहीं मिली.

इसलिए वे इस पेड़ के पत्ते खाने आई हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

इस पेड़ में क्या है?

इस पेड़ में एक सांप है.

अब वो नीचे आने वाला है.

वो यह कैसे करेगा?

ऐसा लगता है कि वो उड़ रहा हो.

इस सांप को "उड़ने वाला सांप" कहते हैं.

देखो, वो चला!

सांप अब चपटा हो गया है -

बिल्कुल एक पतंग की तरह.

इस तरह वो पतंग की तरह

एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर जाता है.

यहाँ क्या चल रहा है?

पानी में से क्या निकल रहा है?

मछली - छलांग लगाने वाली मछली!

ऐसा लगता है कि वो उड़ रही हो.

उसे 'उड़ने वाली मछली' कहते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो पानी में से क्या निकल रही है?

छोटी मछली, एक बड़ी मछली से दूर भाग रही है.

छोटी मछली पानी से बाहर आती है और पेड़ पर चढ़ जाती है.

जल्द ही बड़ी मछली चली जाएगी.

फिर छोटी मछली पानी में वापिस जाएगी.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो पानी में क्या है?

वो एक सांप जैसा दिखता है.

हाँ, वो एक साँप ही है - एक पानी का साँप.

वो पानी में बहुत तेजी से तैरता है!

पानी का सांप इतनी तेज तैरता है

कि वो आसानी से मछली पकड़ सकता है.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो पानी में क्या है?

वो एक पानी के सांप जैसा दिखता है.

लेकिन -

सर्प-पक्षी पानी में इधर-उधर तैरता है.

लेकिन वो अपना सिर पानी से बाहर रखता है.

एक सांप पक्षी तेजी से एक मछली पकड़ सकता है.

वो सांप नहीं है.

यह एक पक्षी है जिसे "सर्प-पक्षी" कहते हैं.

सांप, मछली पकड़ सकता है.

सर्प-पक्षी भी मछली पकड़ सकता है.

एक बड़ी मछली, छोटी मछली को पकड़ सकती है.

और यहाँ एक बहुत छोटी मछली है जो
एक बहुत बड़ी मछली को पकड़ सकती है!

यहाँ क्या चल रहा है?

पानी में वो क्या है?

वो एक घोड़े जैसा दिखता है.

लेकिन -

लेकिन वो एक मछली है –
एक बहुत छोटी मछली.

वो मछली एक बहुत छोटे घोड़े
की तरह दिखती है और उसे
"समुद्री घोड़ा" कहते हैं.

वो बड़ी अजीब मछली है और
उसकी एक अजीब पूंछ है —
और —

समुद्री घोड़ा अपनी पूंछ से
यह काम कर सकता है.

यहाँ क्या चल रहा है?

क्या वो एक घोड़ा है?

नहीं, वो दो घोड़े हैं!

यह वो काम है जो दो घोड़े अपनी दो पूंछों के साथ कर सकते हैं.

देखो एक बड़ी मक्खी आई है.

छपाक! छपाक!

देखो उस मक्खी का क्या हाल हुआ.

टक्कर! टक्कर!

यहाँ क्या चल रहा है?

वो सफेद घोड़ा बिलकुल अकेला है.

क्योंकि काल घोड़ा चला गया है.

लड़का भी चला गया, और इसलिए सफेद घोड़ा अपने पैर पटक रहा है.

टक्कर! टक्कर!

घोड़े अकेले रहना पसंद नहीं करते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो छोटा सुअर कुछ भी खा नहीं रहा है.

यह कैसे संभव है?

ऐसा सुअर जो कुछ खाए नहीं!

वो छोटा सुअर बिल्कुल अकेला है.

सुअर अकेले खाना पसंद नहीं करते!

इसलिए वो सुअर खा नहीं रहा है.

फिर एक आदमी अंदर आता है.

"खाओ, छोटे सुअर," आदमी उससे कहता है.

"अब तुम यहाँ अकेले नहीं हो."

फिर छोटा सुअर खाना शुरू करता है.

फिर सुअर रुकता है और चारों ओर देखता है.

"जाओ, खाओ, मैं यहीं हूँ," आदमी कहता है.

"मैं तुम्हारे लिए गाऊंगा. तब तुमको पता चलेगा कि मैं यहीं पर हूँ."

फिर आदमी गाता है और छोटा सुअर

खाता है, और खाता है, और खाता है,

बिल्कुल एक अच्छे सुअर की तरह!

यहाँ क्या चल रहा है?

इस हवाई जहाज में क्या जा रहा है?

एक हाथी, चिड़ियाघर में जा रहा है.

हवाई जहाज उसे चिड़ियाघर लेकर जाएगा.

हाथी को अकेले रहना पसंद नहीं है.

अगर वो अकेला होगा, तो वो अपने पैर पटकेगा.

वो इधर-उधर भागने की कोशिश करेगा.

अगर हाथी इधर-उधर भागेगा तो फिर

पायलट, हवाई जहाज उड़ा नहीं पाएगा.

लेकिन वो हाथी दौड़ेगा नहीं,

क्योंकि वो अकेला नहीं है.

एक छोटी मुर्गी उसके साथ है.

वो आदमी एक छोटी मुर्गी को भी हवाई जहाज में साथ लाया है.

वो हाथी के साथ यात्रा करेगी.

हाथी, मुर्गी को देखता है.

फिर उसे लगता है कि वो अकेला नहीं है.

अब हाथी न तो पैर पटकेगा और न ही इधर-उधर भागने की कोशिश करेगा.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो घोड़ा क्या कर रहा है?

वो घोड़ा भागने की कोशिश कर रहा है.

घोड़े ने दरवाजा खोलना सीख लिया है.

वो घोड़ा बहुत होशियार है.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो छोटा सुअर क्या कर रहा है?

वो छोटा सुअर खूब मस्ती कर रहा है.

नल कैसे खोलना है वो उसे पता है.

सुअर बहुत होशियार होते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

कछुआ, सेब का पीछा रहा है.

वो चलता रहता है और चलता रहता है

क्योंकि कछुए बहुत होशियार नहीं होते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

वो पक्षी क्या कर रहा है?

वो पक्षी मज़ा कर रहा है.

वो खींचता है, खींचता है, और खींचता है.

और देखो उसने टोपी में क्या डाला है!

यहाँ क्या चल रहा है?

एक छोटा खरगोश,

दो छोटे खरगोश,

तीन छोटे खरगोश खेल रहे हैं.

वे गोल-गोल घूमते हैं.

वे कूदते हैं और दौड़ते हैं.

बड़े खरगोश भी खेलते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

उछालना! कूदना! दौड़ना!

गोल-गोल घूमना.

बड़ी गाय बस देखती है.

छोटे बछड़े खेलते हैं.

यहाँ क्या चल रहा है?

क्या वे सब सो रहे हैं?

नहीं!

छोटे बछड़े सोते हैं.

लेकिन बड़ी गाय नहीं सोती है.

बड़ी गायें बिल्कुल नहीं सोती हैं!

यहाँ क्या चल रहा है?

मछली पकड़ो -

खींचो और कूदो -

घोड़ा बनो -

टक्कर मारो!

तुम कछुआ बनो -

तुम भेड़ बनो -

भाग जाओ -

सो जाओ!